185

पत्र संख्या–12/प्रतिनियुक्ति–4302/2025 सा0प्र0–6472/

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

राजीव रंजन दास,
सरकार के उप सचिव।

अत्यावश्यक
ई–मेल

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष,
सचिव, सभी आयोग,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक– 09.04.2026

विषय :– **मुख्य जाँच आयुक्त निदेशालय, पटना द्वारा अनुशासनिक कार्यवाही के संबंध में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को भाग लेने हेतु निदेशित करने के संबंध में।**

प्रसंग :– मुख्य जाँच आयुक्त निदेशालय, पटना का पत्रांक–603, दिनांक–02.04.2026।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र (छायाप्रति संलग्न) द्वारा मुख्यालय/सचिवालय अवस्थित विभिन्न विभागों/कार्यालयों में पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी पदाधिकारियों के लिए दिनांक–16.04.2026 को अपराह्न 03:30 बजे से अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय कैम्पस, पटना में अनुशासनिक कार्यवाही से संबंधित उन्मुखीकरण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

2. अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत् बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को दिनांक–16.04.2026 के अपराह्न 03:30 बजे अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय कैम्पस, पटना में निर्धारित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाए।

अनु०–यथोपरि।

विश्वासभाजन,

09/04.2026

(राजीव रंजन दास)
सरकार के उप सचिव।

C:\Users\hp\Desktop\Deputation Kaif\Letter...docx

Scanned with OKEN Scanner

184 | 181 | 292

बिहार सरकार
मुख्य जाँच आयुक्त निदेशालय
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना

पत्रांक : मु.जाँ.आ.नि.(प्रशि.) : 01/2025 : 603 दिनांक : 02.4.2026

प्रेषक,

महानिदेशक–सह–मुख्य जाँच आयुक्त,
बिहार, पटना।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः मुख्यालय/सचिवालय अवस्थित विभिनन विभागों/कार्यालयों में पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी पदाधिकारियों के लिये अनुशासनिक कार्यवाही के संबंध में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध कहना है कि मुख्यालय/सचिवालय अवस्थित विभिन्न विभागों/कार्यालयों में पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी पदाधिकारियों के लिये अनुशासनिक कार्यवाही के संबंध में उन्मुखीकरण करने का प्रस्ताव है। सामान्य प्रशासन विभाग से अनौपचारिक रूप से प्राप्त जानकरी के अनुसार लगभग 249 बिहार प्रशासनिक सेवा स्तर के पदाधिकारी सचिवालय एवं विभिन्न विभागों में पदस्थापित हैं।

अनुरोध है कि **दिनांक 16.04.2026 को अपराह्न 03:30 बजे से अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय कैम्पस, पटना** में उक्त कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग से पत्र निर्गत करने की कृपा की जाय तथा इस कार्यक्रम हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव, श्री सतीश तिवारी एवं श्री शालिग्राम पाण्डेय को प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
(हस्ताक्षर) 2/4/2026
(दीपक कुमार सिंह)
महानिदेशक–सह–मुख्य जाँच आयुक्त

O/C

719/40-12
08.04.26

D: Word File's\File No. 01-2025_PRASHIKSHAN

Scanned with OKEN Scanner